झाँसी पुलिस

प्रेस नोट

थाना नवाबाद, जनपद-झाँसी

दिनांक: 18.10.2026

थाना नवाबाद पुलिस द्वारा सार्वजनिक मार्ग पर खुलेआम स्टंटबाजी करने वाले 02 अभियुक्त गिरफ्तार। गिरफ्तार अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

घटना का संक्षिप्त विवरण:-

दिनांक 17.10.2026 को सोशल मीडिया के माध्यम से एक वीडियो प्रकाश में आया था, जिसमें कुछ युवक कार से खतरनाक स्टंटबाजी करते हुए दिखाई दे रहे थे।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, झाँसी श्री विकास कुमार के द्वारा वीडियो का तत्काल संज्ञान लेते हुए विधिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया, जिसके क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर श्रीमती प्रीति सिंह एवं क्षेत्राधिकारी नगर सुश्री प्रिया सिंह के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना नवाबाद श्री रवि श्रीवास्तव के नेतृत्व में-

आज दिनांक 18.10.2026 को थाना नवाबाद पुलिस द्वारा मामले को तत्काल संज्ञान में लेते हुए आम जनता के सहयोग से वीडियो में दिख रहे व्यक्तियों की पहचान की गई। कार्यवाही के क्रम में पुलिस टीम द्वारा फायर स्टेशन झाँसी के पास से स्टंटबाज़ अंश प्रजापति (पुत्र हरिशंकर प्रजापति, उम्र करीब 21 वर्ष, निवासी पलक पैलेस के पीछे, थाना कोतवाली, झाँसी) को घटना में प्रयुक्त मारुति सुजुकी फ्रांक्स कार (सं. UP93CE8270) के साथ गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्त द्वारा सार्वजनिक सड़क पर स्टंटबाजी कर कानून व शांति व्यवस्था भंग करने तथा जनसुरक्षा को खतरे में डालने के कृत्य पर कार को MV Act की सुसंगत धाराओं में सीज किया गया तथा अभियुक्त के विरुद्ध धारा 170/126/135 BNSS के तहत कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय नगर मजिस्ट्रेट, झाँसी के समक्ष पेश किया गया। इसी क्रम में, वायरल वीडियो में दिख रहे दूसरे अभियुक्त की पहचान शिवम अहिरवार उर्फ शिवा वारदात (पुत्र स्व. चंदन अहिरवार, उम्र 19 वर्ष, निवासी ग्राम मैरी, थाना नवाबाद, झाँसी) के रूप में हुई, जो थाना नवाबाद पर पंजीकृत मु.अ.सं. 175/26, धारा 118(2)/115(2)/352/351(3) BNS में प्रकाश में आया वांछित अभियुक्त भी था।

उक्त वांछित अभियुक्त को थाना नवाबाद पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर आज दिनांक 18.10.2026 को मैरी अंडरपास के पास से सकुशल गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण:-

1. अंश प्रजापति पुत्र हरिशंकर प्रजापति उम्र करीब 21 वर्ष निवासी पलक पैलेस के पीछे थाना कोतवाली झाँसी,

2. शिवम अहिरवार उर्फ शिवा वारदात पुत्र स्व0 श्री चन्दन अहिरवार निवासी ग्राम मैरी थाना नवाबाद जिला झांसी उम्र 19 वर्ष

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. प्रभारी निरीक्षक श्री रवि श्रीवास्तव थाना नवाबाद जिला झाँसी
2. उ0नि0 श्री अनुज कुमार, चौकी प्रभारी इलाइट, थाना नवाबाद, झाँसी
3. उ0नि0 श्री निखिल कुमार, चौकी प्रभारी विवि0, थाना नवाबाद झांसी
4. का0 842 सौरभ कुमार, थाना नवाबाद झांसी
5. का0 812 करन पाल थाना नवाबाद, झाँसी